प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी से जारी करेंगे पीएम–किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त : लगभग 2200 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।**
2. **9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति का चुनाव : 21 अगस्त नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि।**
3. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में की एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक : कहा– उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन–लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025 प्रदेश को बनाएगी लेदर फुटवियर का वैश्विक केंद्र।**

**और**

4. **बारिश के चलते प्रदेश में कई नदियों का बढ़ा जलस्तर : बलिया में गंगा नदी, और औरैया, काल्पी, बांदा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर, प्रशासन सतर्क।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी में लगभग 2200 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पीएम–किसान योजना की 20वीं किस्त जारी**

करेंगे। देश भर के 9 दशमलव 7 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 20 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। पेश है एक रिपोर्ट.

*वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें वाराणसी–भदोही फोर लेन मार्ग का उद्घाटन भी शामिल है। इसकी लागत 269 करोड रुपए है इसके अलावा प्रधानमंत्री शहर के बीचो–बीच दाल मंडी सड़क चौड़ीकरण योजना का भी शिलान्यास करेंगे। इस योजना के मूर्त रूप लेने से काशी विश्वनाथ धाम जाने का मार्ग और सुगम होगा। प्रधानमंत्री स्मार्ट वितरण परियोजना के तहत विभिन्न कार्यों और 880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले बिजली के बुनियादी ढांचे को भूमिगत करने की आधारशिला रखेंगे। पर्यटन परियोजनाओं के साथ वह कंचनपुर में शहरी मियावाकी वन के विकास और शहीद उद्यान तथा 21 अन्य पार्कों के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण की भी आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री विभिन्न दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को 7,400 से अधिक सहायक उपकरण भी वितरित करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————

वाराणसी में विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना के अपने विजन को आग बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का उद्घाटन करेंगे। कानून प्रवर्तन कर्मचारियों के लिए सुविधाओं में वृद्धि करते हुए, प्रधानमंत्री पीएसी रामनगर में 300–क्षमता वाले बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने जनसभा स्थल से लेकर विभिन्न यात्रा मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता

इंतजाम किए हैं। बारिश को देखते हुए प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल में वाटरप्रूफ पांडाल का निर्माण कराया गया है। वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री जी का दो अगस्त को पद वाराणसी में सेवापुरी ब्लॉक में कार्यक्रम तय किया गया है। सारी व्यवस्थाएं देखी जा रही है। जो हमारा मंच हेलीपैड और सारी व्यवस्थाएँ जो होती है जो लाभार्थियों के लिए जो व्यवस्थाएँ होती है सारी हमारी पूर्ण हो चुकी है अभी ब्रीफिंग और डिबफिंग की कारवाही चल रही है और जो लोगों का उत्साह हमें दिख रहा है जो बहुत बड़ी संख्या में लाभार्थियों के आने की संभावना है उसी के हिसाब से तैयारी भी की जाती।*

———————

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव 9सितंबर को होंगे और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। एक रिपोर्ट....

*पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह 17वां उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडलद्वारा किया जाता है जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव की अधिसूचना इस महीने की 7 तारीख को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 25 तारीख होगी। मतगणना 9 सितंबर को होगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन–लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025 के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति यूपी को फुटवियर–लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाएगी। पेश है एक रिपार्ट.....**

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन–से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति पर भी विचार–विमर्श हुआ। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

———————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर 3 अगस्त को लखनऊ आएंगे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह यहां अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज के 23वें मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शामिल होंगे। अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज के मीडिया प्रभारी एचसी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेधावी छात्र सम्मान समारोह चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में होगा।

———————

प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल ने आज राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। श्री गोयल ने कल शाम मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद उन्होंने पांच कालिदास मार्ग जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

———————

प्रदेश के कृषि मन्त्री सूर्यप्रताप शाही ने आज बांदा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को ए–कैटेगरी मिलने के बाद

यहां के छात्रों को रोजगार के क्षेत्र में वरीयता मिलेगी। बाइट.....

*अभी परियोजनाओं की लगभग एक सौ पंद्रह करोड़ की परियोजनाएं पिछले वर्षों में इनको स्वीकृत की गई उनकी समीक्षा किया है पिछले सात आठ साल के भीतर विश्वविद्यालय जो है वो काफी तेजी से आगे की ओर बढ़ा है और नक एडिशन में इसको ए कैटेगरी में इनको एडिटेशन मिला है और इनका एडिशन होने का मतलब यह है कि एम्प्लॉयमेंट में जहां पर जाएंगे इनको वहां पर प्रायोरिटी मिलती है।*

——————————

जालौन मेडिकल कॉलेज में एक साधारण मरीज को जबरन ऑपरेशन करने की तैयारी करने वाली घटना सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्रवाई करते हुए 2 चिकित्सक और 3 नर्सों को निलंबित कर दिया है। साथ ही श्री पाठक ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

——————————

प्रदेश में अलग अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई। मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र में आज एक कार और डंफर की आमने सामने की भिड़ंत में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं मेरठ में अमरोहा से राजस्थान दर्शन को जा रहे 3 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौके़ पर ही मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुये है।

——————————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते कई नदियां उफान पर हैं। बलिया में गंगा नदी, औरैया, कालपी, बांदा में यमुना नदी और हमीरपुर में बेतवा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ गया है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जगहों पर भारी वर्षा होने और बिजलो गिरने की आशंका है।

(समाप्त)